कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.03.2024

विषयः- थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर बादल उर्फ विशाल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 अदद अपाचे मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1- बादल उर्फ विशाल पुत्र दशरथ राजभर निवासी जफराबाद थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-30.03.2024 को समय करीब 04.30 बजे डफ्फलपुर बखानी तिराहा थाना रोहनिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से व मौके से चोरी की 02 अदद अपाचे मोटर साइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0070/2024 धारा 411,414 भा0द0वि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त बादल उर्फ विशाल ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे पास जो अपाचे मोटर साइकिल है, वह चोरी की है, जिसे दिनांक 25-03-2024 को मैंने अपने साथी गोलू उर्फ सोनू व करन उर्फ ढ़ोलू के साथ मिलकर बजरडिहा थाना भेलूपुर से चोरी किया था और दूसरी अपाचे मोटर साइकिल रजि0 नं0 UP65CA2824 को भी हम लोग ही मिलकर दिनांक 25-03-2024 को जज कालोनी के पास बजरडिहा थाना भेलूपुर से चोरी किये थे। आज हम लोग चोरी की अपाचे गाड़ी को बेंचने के लिये ले जा रहे थे कि आप लोगो द्वारा मुझे अपाची गाड़ी के साथ पकड़ लिया गया तथा मेरे अन्य दो साथी दूसरी अपाचे गाड़ी को सड़क पर छोड़ कर भाग गये।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

बादल उर्फ विशाल पुत्र दशरथ राजभर निवासी जफराबाद थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- चोरी की 02 अदद अपाचे मोटर साइकिल बरामद।

1- 01 अदद अपाचे मोटर साइकिल वाहन चेचिस नं0-MD634CE42K2D18784 रजि0 संख्या-UP65DL9125 व इंजन नं0-CE4DK2418219 **(संबंधित मु0अं0सं0-116/24 धारा 379 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी)**

2- 01 अदद अपाचे मोटर साइकिल चेचिस नं0-MD634KE45F2F61473, रजि0 नं0-UP65CA2824 व इंजन नं0-OE4FF2796465 **(संबंधित मु0अ0सं0-115/24 धारा 379 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी)**

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 मिथिलेश कुमार थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 राजदर्पण तिवारी थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 संजय चौहान थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
4- का0 रामाश्रय यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 विकास प्रताप सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी